के लिए लाइसेंस प्रदान करने विषयक मार्गदर्शी सिद्धांत, जो इस विभाग के दिनांक 2-1-87 के प्रेस नोट द्वारा घोषित किए गए थे, उपर्युक्त संशोधनों के साथ लागू रहेंगे। नये चीनी यूनिटों को लाइसेंस प्रदान करने के लिए समूचा मार्गदर्शी सिद्धांत यह सुनिश्चित करने के लिए होगा कि जिन नये चीनी यूनिटों को लाइसेंस प्रदान किए जाने हैं उनके लिए तथा वर्तमान फैक्ट्रियों के लिए गन्ने के और सघन विकास को संभाव्यता के साथ वर्तमान तथा भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो।

5. नयी चीनी फैक्ट्रियां स्थापित करने और मौजूदा यूनिटों का विस्तार करने के लिए औद्योगिक लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र औद्योगिक विकास विभाग में औद्योगिक अनुज्ञापन परिषद को भेजने के लिए राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाने चाहिएं। आवेदन-पत्र भेजते समय राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विभिन्न शर्तों को पूरा कर दिया गया है और स्पष्ट सिफारिश तथा सभी मुद्दों के बारे में व्यापक ब्यौरा देना चाहिए।

फा० संख्या 10/133/86-एल० पी०
नई दिल्ली, 11 मई, 1989

प्रेस सूचना ब्यूरो से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त प्रेस नोट में दिए गए तथ्यों का व्यापक प्रचार करें।

हस्ताक्षर
(एस० भटनागर)
उप सचिव, भारत सरकार

प्रमुख सूचना अधिकारी,
प्रेस सूचना ब्यूरो,
नई दिल्ली

वाणिज्यिक विज्ञापनों से आय

*173. श्री सन्तोष बागड़ोदिया : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान में वर्षवार दूरदर्शन की वाणिज्यिक विज्ञापनों से होने वाली आय का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उन वाणिज्यिक कम्पनियों के नाम क्या हैं जिनके विज्ञापन से दूरदर्शन को बड़ी रकम की आय हुई है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच०के०एल० भगत) : (क) वर्ष 1986–87, 1987–88 और 1988–89 के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों और कार्यक्रमों के प्रायोजन से दूरदर्शन को वर्ष 1986–87 में कुल 98.00 करोड़ रुपये, 1987–88 में 136.3 करोड़ रुपये और 1988–89 में 161.3 करोड़ रुपए की आय हुई।

(ख) दूरदर्शन के 20 अग्रवर्ती विज्ञापनदाताओं के नाम संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

1. हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड
2. फूड स्पेशिय लिटीज लिमिटेड
3. निरमा केमिकल्स लिमिटेड
4. गोदरेज
5. एम०आर०एफ
6. टाटा
7. कोलगेट पामोलिव
8. बुक बोंड
9. बलसारा
10. हिन्दुस्तान कोको प्राडक्ट्स लिमिटेड
11. डनलप
12. प्रोक्टर एण्ड गेम्बल
13. रिलिंडिया
14. हिन्दुस्तान मशीन टूल्स
15. जीवन बीमा निगम
16. रिलायन्स
17. मद्रास इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड
18. पारले
19. एस्कार्टस
20. वीडियोकान